# राजनांदगांव भास्कर



**न्यूज़ इनबॉक्स**

## सारनाथ एक्स. 27 से

**राजनांदगाव**| गोंदिया-मुजफ्फरपुर सारनाथ एक्सप्रेस 27 अक्टूबर से शुरू होगी। रेल कम्यूटर वेलफेयर एसोसियएशन के अध्यक्ष जितेंद्र काथरानी ने बताया कि गोंदिया से मुजफ्फरपुर के लिए प्रस्थान कर संध्या 19.25 राजनांदगांव आएगी। अप दिशा में मुजफ्फपुर-गोंदिया सारनाथ एक्सप्रेस का मुजफफरपुर से प्रस्थान सुबह 5.00 बजे, दुर्ग में आगमन प्रस्थान समय सुबह 07.30-07. 40 बजे, राजनांदगांव में आगमन एवं प्रस्थान समय सुबह 08.01-08.03 बजे, डोंगरगढ में आगमन एवं प्रस्थान समय सुबह 08.28-08.30 बजे। वहीं डाऊन दिशा में गोंदिया से प्रस्थान समय सुबह 17.30 बजे, डोंगरगढ़ आगमन व प्रस्थान समय शाम 18.50-18. 52 बजे, राजनांदगांव आगमन एवं प्रस्थान समय संध्या 19.25-19.27 बजे तथा दुर्ग रात्रि 20.15/20.25 बजे होगा।

## हादसे में युवक की मौत

**राजनांदगाव**| चिचोला थाना के अंतर्गत सोमवार की शाम पांच बजे को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को ठोकर मार दी। मौके पर ही महाराजपुर के 27 वर्षीय पन्नालाल पिता बहुरन केंवट की मौत हो गई। आरोपी वाहन चालक का का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस ने बताया कि पन्नालाल बाइक से राजनांदगांव की ओर से आ रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से ठोकर मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। उसकी शिनाख्त पन्नालाल के रूप में की गई। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। मामले में वाहन चालक के खिलाफ धारा 304ए के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## शस्त्र पूजन...



**राजनांदगांव .** रक्षित आरक्षी केंद्र में मंगलवार को पुलिस अफसरों ने शस्त्र पूजन किया।

## जवानों को खरी-खोटी

**राजनांदगाव**| मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह मंगलवार को राजनांदगांव के प्रवास पर थे। इस दौरान पुलिस को यातायात व्यवस्था बनाएं रखने के लिए पसीना बहाना पड़ा। मंगलवार को दोपहर तकरीबन साढ़े 12 बजे गुरुनानक चौक के पास लोगों को 10 मिनट तक रोका गया। इससे नाराज लोगों ने इसका विरोध किया और कहा कि उन्हें फिजूल में रोका गया है। इस दौरान पुलिस के बुरे बर्ताव से नाखुश लोगों ने तैनात जवानों को खरी-खोंटी सुना दी। इसके चलते वहां घंटों तक ट्रैफिक जाम रहा। मौके पर पुलिस जवानों ने यातायात प्रभारी एमएस चंद्रा को बुलाया, फिर मामला सुलझा। शहर में अन्य जगहों में भी लोगों को परेशानी हुई।

## पटरी पर मिली लाश

**राजनांदगाव**| लाल बाग थाना के अंतर्गत मंगलवार की रात बांकल स्टेशन के आसपास रेलवे ट्रैक में अज्ञात युवक की लाश मिली है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को स्टेशन के पास पटरी में लाश मिलने की सूचना मिली। इसके आधार पर लगातार खोजबीन की गई। देर रात शव मिला, जिसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस इसकी जांच में जुटी हुई है।

**कार्यकर्ता सम्मेलन** | जन्मदिन के बहाने जुटे भाजपाई और इधर कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं को किया चार्ज

# खुशी और गम से एकजुटता की जुगत

- देव आनंद जैन स्कूल में मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह का जन्मदिन मनाया गया
- रमन ने प्रदेश में 61 सीटों पर जीत दिलाने की बात जिलेभर के कार्यकर्ताओं से कही
- शहर व ग्रामीण कांग्रेस की बैठक में चुनाव के लिए तैयार की गई रणनीति
- अपने भाषण के दौरान स्व.उदय को याद कर रो पड़ी अलका मुदलियार

## सिर्फ नारे लगाती है कांग्रेसः रमन



जन्मदिन के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह ने कांग्रेस को जमकर कोसा।

भास्कर न्यूज़ | राजनांदगांव

विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन में मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कार्यकर्ताओं को रिचार्ज कर आम लोगों तक पहुंचने की बात कही, साथ ही कांग्रेस पर कटाक्ष किया। कहा, कांग्रेस का काम सिर्फ नारे लगाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 61 सीटों पर जीत दिलाने की अपील की। वे भाजपा कार्यालय में जन्मदिन मनाने के बाद देवानंद जैन स्कूल पहुंचे थे।

रमन ने कहा कि बूथ के कार्यकर्ता एक-एक व्यक्ति के घर तक जाएं और मेहनत करें। उन्होंने इसका भी जिक्र किया कि इस बार मतदान का समय कम हो गया है, इसलिए कार्यकर्ताओं को और ताकत से काम करना होगा। अभी वे चुनाव अभियान में ऊपर जाए। खासकर नए मतदाताओं का नाम जोड़ना, उन्हें चिह्नांकित करना और वोटर लिस्ट को चेक करने काम शुरू कर देना चाहिए। रमन ने कहा कि प्रत्येक बूथ में कार्यकर्ता अपनी मेहनत से 20 लोगों को अतिरिक्त मतदान कराते हैं तो लगभग 4 हजार मत अतिरिक्त पड़ेंगे।

### कम कर रही संख्या

देवानंद जैन स्कूल मैदान में हुए कार्यक्रम में तकरीबन साढ़े तीन हजार कार्यकर्ता मौजूद रहे। जबकि पूर्व में यहां 10 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं के आने की उम्मीद थी। कार्यक्रम में आने वाले कार्यकर्ता बस, टैक्सी और निजी वाहनों से पहुंचे। कार्यक्रम स्थल पर वाहनों की कतार लग हुई थी।

### नांदगांव की चिंता नहीं

उन्होंने कहा कि मुझे प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों पर जाना है। इसलिए राजनांदगांव सीट पर जीत दिलाने के लिए यहां के हजारों कार्यकर्ता मेहनत करेंगे। मैं इसलिए यहां की चिंता नहीं करता, यहां का हर कार्यकर्ता इसकी चिंता करता है। मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह सुबह कैंप हाउस से सिंधी कालोनी मंदिर, शीतला मंदिर, उद्याचल प्रांगण, पारी नाला के दरगाह और फिर कैंप हाउस से देवानंद जैन स्कूल में कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे। कार्यक्रम में सांसद मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, अशोक शर्मा, लीला राम भोजवानी व अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

### रमन ने कहा-पूछो कांग्रेस से

डॉ. सिंह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि किसी भी चौराहे, होटल या कहीं भी खड़े होकर कांग्रेसियों से सवाल करना कि कांग्रेस ने 100 दिन में महंगाई कम करने का दावा किया था, उसका क्या हुआ? इसके उल्टा अब 100 गुना महंगाई बढ़ गई है। इससे आम जनता आक्रोश में है। उन्होंने कहा कि छग, मप्र, राजस्थान और दिल्ली का विस चुनाव सेमीफाइनल है। इन राज्यों में भाजपा की सरकार बनती है तो देश में नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री होंगे।

## एकता से होगी जीतः अलका



बैठक में भाषण के दौरान श्रीमती अलका मुदलियार के आंसू छलक पड़े। माहौल कुछ देर के लिए गमगीन हो गया।

### कहा-मैं यहां की बेटी और बहू भी, एकता के बल पर जीतेंगे चुनाव

भास्कर न्यूज़ | राजनांदगांव

विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस भवन में मंगलवार को शहर व ग्रामीण कांग्रेस की बैठक हुई। इस दौरान राजनांदगांव विधानसभा प्रत्याशी अलका मुदलियार ने कहा कि शहीद उदय मुदलियार लोगों के मन में बसे हुए हैं। मैं यहां की बेटी के साथ-साथ बहू भी हूं। कांग्रेसियों की एकता के बल पर यह चुनाव जीतने का दावा उन्होंने किया। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों की एकता बता रही है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में उन्हें कोई पराजित नहीं कर सकता। यह कहते हुए उनके आंसू झलक गए और फफककर रो पड़ीं।

विधानसभा चुनाव की रणनीति तय करने के बाद श्रीमती मुदलियार ने कार्यकर्ताओं को दिशानिर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। 25 मई को झीरम घाटी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की जो शहादत हुई है उसको हम भुला नहीं पाएंगे। श्री मुदलियार हमेशा राजनांदगांव को एक नई दिशा देने का प्रयास करते थे। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के लोगों को अपना परिवार मानते थे। आपके सहयोग और आशीर्वाद से मुझे कांग्रेस का राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनाया गया है और मुझे उम्मीद है कि आप लोगों के आशीर्वाद से हम इस चुनाव में विजयी होंगे। राजनांदगांव शहर मेरे लिए कोई नया नहीं है। राजनांदगांव की धरती में मेरा जन्म हुआ। संस्कारधानी की इस माटी ने मुझे संस्कारित बनाया और यहीं मेरे जीवन साथी के रूप में श्री मुदलियार की राजनीति छत्रछाया भी विरासत में मिली। कर्ज चुकाने का मौका आया है।

बैठक में श्रीमती मुदलियार के अलावा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश राठौर, श्रीकिशन खंडेलवाल, कमलजीत सिंह पिंटू, महेंद्र शर्मा, जितेंद्र मुदलियार, दादूलाल जोशी, भागवत साहू, अंगेश्वर देशमुख, विक्की पटेल, संदीप गुप्ता, गशेश्वर चंद्राकर, दिल्लू साहू, प्रहलाद उईके, जगतराम, केवल सिन्हा, ज्ञान साहू, हीराराम, भूषण साहू, रोहित साहू, पूरन साहू, गरीबा रात्रे मौजूद थे।

## कत्लखाना ले जाते दो ट्रक मवेशी पकड़ाया

भास्कर न्यूज़ | बागनदी

क्षेत्र के चाबुक नाला के पास मंगलवार की सुबह पुलिस ने दो ट्रक में 63 मवेशियों को कत्लखाने ले जाते हुए आरोपियों को पकड़ा है। ट्रक में तीन मवेशियों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने सभी मवेशियों को भंडारपुर गौशाला के सुपुर्द किया है।

पुलिस ने बताया कि मंगलवार की सुबह तकरीबन साढ़े 6 बजे नाला के पास ट्रक (एमएच 49 0224) में 30 मवेशियां मिली। वहीं दूसरे ट्रक (एमएच 40 वाई 3947) में 33 मवेशियां थी, इनमें से 3 मवेशियों की मौत हो चुकी थी। दोनों ट्रक आगे-पीछे चल रहे थे। तभी पुलिस को शक हुआ और चेकिंग की। इस दौरान दोनों ड्राइवर संजू ध्रुवे और सरफराज अहमद भाग रहे थे। जिन्हें दौड़ाया गया और पकड़ाया। ड्राइवरों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि बालोद और बोड़ला की मवेशियों को वे कत्लखाने ले जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि दोनों ट्रकों की मवेशियों को कत्लखाने ले जा रहे थे। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रुरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### बड़ी कार्रवाई का पता नहीं

पुलिस अब तक मवेशी तस्करी के मामले में कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की है। पिछले दिनों कोतवाली थाने के अंतर्गत दर्जन भर मवेशियों को पकड़ा गया था। जिसके आरोपियों को रात में ही छोड़ दिया गया। वहीं चिचोला और छुरिया इलाके में भी पुलिस ने कार्रवाई की थी। इसमें आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हो सकी है। शहर के कई सामाजिक संगठनों ने इस ओर कार्रवाई की मांग की थी। इसके बावजूद अब तक चिचोला की ओर से मवेशियों से भरे कई ट्रक पार हो रहे हैं। छुटपुट कार्रवाई ही अब तक सामने आई है। लगातार नजर रखी जाए तो कई बड़े मामले और उनके सरगना पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## चालान नहीं, चेतावनी देकर छोड़ा




पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष व भूमि विकास बैंक अध्यक्ष दुखूराम साहू की कार को रोका ट्रैफिक पुलिस ने।

भास्कर न्यूज़ | राजनांदगांव

भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता दुखुराम साहू को ट्रैफिक पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ दिया। सोमवार दोपहर को महामाया चौक के पास ट्रैफिक टीआई जोस कुरविला ने श्री साहू की नई कार को रोका।

कार का नंबर नहीं लिखा गया था। नंबर प्लेट में तत्कालीन अध्यक्ष भूमि विकास बैंक का उल्लेख था। प्लेट में छत्तीसगढ़ शासन भी लिखा गया था। ट्रैफिक पुलिस ने चालानी कार्रवाई तो नहीं की सिर्फ हिदायत देकर उनकी गाड़ी को छोड़ दिया।

श्री साहू पूर्व में जिला भाजपा अध्यक्ष के पद पर भी रह चुके हैं। इसके बावजूद नई कार में छत्तीसगढ़ शासन लिखवाकर बिना नंबर के वे घूम रहे हैं। महामाया चौक में सोमवार की दोपहर सड़क हादसे की वजह से पुलिस बल वहां मौजूद था। उसी दौरान साहू की कार वहां से गुजर रही थी। ट्रैफिक टीआई कुरविला ने नंबर प्लेट को देखकर कार को रोका। उस दौरान कार में साहू व उनका चालक मौजूद था। प्लेट में एक्स चेयरमैन एआरडीबीआर, छत्तीसगढ़ शासन लिखा हुआ था। कुरविला ने उन्हें नंबर प्लेट लगाने की हिदायत दी।

## देरी से पहुंचने पर बिजली कंपनी के कर्मचारी की पिटाई

**राजनांदगाव**| चिचोला इलाके में सोमवार की रात दो घंटे बिजली बंद रही, जिसे सुधारने के लिए गए कंपनी के मिस्त्री मनीष पिता आत्माराम थापा को महंगा पड़ गया। वहां के योगेश सिन्हा और उसके साथियों ने मिस्त्री की जमकर धुनाई कर दी। कारण यह था कि बिजली बंद क्यों की गई और सुधारने के लिए देरी से क्यों आएं। मामले में योगेश व उसके साथियों के खिलाफ चिचोला थाने में मिस्त्री ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि सोमवार को चिचोला में लाइट बंद हुई। तभी उसे सुधारने के लिए मनीष अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचा। तभी वहां आक्रोशित भीड़ ने पूछा कि लाइट दो घंटे से बंद क्यों है। इस बारे में दोनों पक्ष में विवाद हो गया। देखते ही देखते योगेश ने उससे मारपीट शुरू कर दी। इसे देखकर लोग घबरा गए और आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। इस घटना में मनीष के चेहरे में चोटें आई हैं। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 186, 294, 323, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। हालांकि इस घटना के बाद क्षेत्र में सुधार का काम कर दिया गया। बाद में स्थिति सामान्य हुई तो कंपनी के दूसरे कर्मचारी को गांव में भेजा गया।

## नहीं मिला सुराग

**राजनांदगांव**| बसंतपुर के महेश नगर के तीन सूने मकान में चोरी हुई थी। तीनों मकान में एक ही गैंग ने वारदात को अंजाम दिया था। मामले में अब तक पुलिस को सुराग नहीं मिला। सीएसपी मोहन दुबे ने जल्द ही इसके खुलासे की बात कही है।

अपना मकान बुकींग करवाये मात्र 11000/- में
सरकारी कर्मचारी को विशेष प्राथमिकता
बैंक फाइनेंस उपलब्ध
नियम व शर्तें लागू *
11 लाख से 35 लाख तक अलग-अलग लोकेशन में मकान उपलब्ध
- संपर्क -
08717890002
श्याम कंस्ट्रक्शन

# मस्जिदों में अता की जाएगी नमाज

**आज बकरीद** दो दिनों से हो रही बारिश के चलते इस बार ईदगाह में नहीं होगी विशेष नमाज

भास्कर न्यूज़ | राजनांदगांव

बकरीद के अवसर पर आज मस्जिदों में खुशियां बांटी जाएगी। ईश्वर के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना का प्रतीक ईद त्योहार शहर में परंपरा और हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस बार खराब मौसम की वजह से ईद-उल-अजहा की नमाज मठपारा स्थित ईदगाह में न होकर शहर की विभिन्न मस्जिदों में सुबह निर्धारित समय में की जाएगी। मुसलमानों के पवित्र त्योहार ईदुल फितर को बकरीद कहा जाता है। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के यहां कुर्बानी की रस्म अदा कर अपना ईमान ताजा करते हैं।

नमाज के बाद शहर और मुल्क की तरक्की, खुशहाली और अमन चैन के लिए दुआएं मांगी जाएगी। शहर के मुस्लिम धर्मावलंबी अपने-अपने मोहल्ले के पास स्थित मस्जिदों में इकट्ठा होकर ईद की सामूहिक नमाज अता कर एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश करेंगे। अधिवक्ता व समाजसेवी एचबी गाजी ने बताया कि एकेश्वरवाद इस्लाम धर्म का सिद्धांत है। ईश्वर और अल्लाह एक है।

### मस्जिदों में की गई रोशनी

शहर के सभी मस्जिदों में बकरीद के अवसर पर रोशनी से सजाया गया। वहीं शहर में समाज के लोगों ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। सभी मस्जिदों के बाहर साफ-सफाई और रंग रोगन किया गया है। प्रशासन ने भी इसकी तैयारी पूरी कर ली है। बारिश पर मुस्लिम समाज के लोगों की नजर है।

### नमाज अता का वक्त

समाज के जावेद अंसारी और एचबी गाजी ने बताया कि कन्हारपुरी मस्जिद में विशेष नमाज सुबह 8.30 बजे, नूरी मस्जिद गौरीनगर में 8.45 बजे, मोतीपुर मस्जिद में सुबह 9 बजे, गोलबाजार मस्जिद में 9.15 बजे, जामा मस्जिद नंदई में सुबह 9.30 बजे ईदुज्जुहा पर्व की पृष्ठभूमि विशेषता और महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा। इस दौरान समुदाय के लोग मौजूद रहेंगे।

दीपावली के शुभ अवसर आज का स्पेशल ऑफर
विन्टर स्पेशल एक्सपोर्ट सरप्लस
BIG SIZE
प्रिंटेड लोवर
(for ladies & girls)
₹ 75
Only at -
सुमीत बाजार
क्वालिटी अनमोल बजट पे कंट्रोल
न्यू गंज मंडी, बसंतपुर
राजनांदगांव
ऑफर काउंटर अलग है... ऑफर सिर्फ आज के लिये है...